## खबर संक्षेप

### परमाणु विधेयक के विरोध में प्रदर्शन कल : लांबा

**चंडीगढ़।** इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया (ईईएफआई) राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष लांबा ने शुक्रवार को बयान में बताया कि नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी एम्प्लॉईज एंड इंजीनियर्स , केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के मंच और संयुक्त किसान मोर्चा ने 14 दिसंबर को नई दिल्ली बीटीआर भवन में आयोजित संयुक्त बैठक व्यक्त की गई उन्होंने बताया कि बिजली कर्मचारियों और इंजीनियर की राष्ट्रीय समन्वय समिति,केंद्रीय ट्रेड यूनियनों का मंच तथा संयुक्त किसान मोर्चा ने अपने सभी घटक संगठनों से आह्वान किया हैं कि वे इस तानाशाही परमाणु विधेयक के विरोध में 23 दिसंबर को देशभर में सभी कार्यस्थलों / गांवों एवं शहरों में प्रदर्शन आयोजित करें।

### सफर -ए-शहादत का आयोजन कल

**चंडीगढ़।** गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों के अतुलनीय बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से हरियाणा सरकार द्वारा वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष लाइट एंड साउंड मंच प्रस्तुति सफ़र-ए-शहादत का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन मंगलवार को बल्लभगढ़ स्थित अटल ऑडिटोरियम में होगा। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि सफ़र-ए-शहादत सिख इतिहास के शौर्य और बलिदान से भरे अध्यायों की एक भावनात्मक और प्रेरणादायी यात्रा प्रस्तुत करता है।

### कार्यकता पार्टी की असली ताकत : बड़ौली

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी की सभी जिलों की जिला कार्यकारिणी की बैठकें संपन्न हो गई। रविवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली जींद और फतेहाबाद में आयोजित जिला कार्यकारिणी की बैठक में पहुंचे। यहां उन्होंने कार्यकर्ताओं की खूब तारीफ की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के त्याग और कठोर परिश्रम के कारण ही भाजपा को विश्व की सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को पार्टी की असली ताकत बताया। बड़ौली ने दोनों ही जिलों की कार्यकारिणी में नायब सैनी सरकार की उपलब्धियां बताई वहीं 25 से 31 दिसंबर तक पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी पर होने वाले कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी।

### गंगवा ने जनता दरबार में सुनीं समस्याएं

**चंडीगढ़/ हिसार।** लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने रविवार को अपने हिसार स्थित आवास पर जनता दरबार लगाकर क्षेत्रवासियों से सीधा संवाद किया। इस दौरान भारी संख्या में पहुंचे लोगों ने अपनी व्यक्तिगत व सार्वजनिक समस्याओं को मंत्री के समक्ष रखा। कैबिनेट मंत्री ने एक-एक कर सभी की शिकायतों को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित व प्रभावी समाधान के लिए संबंधित विभागों के उच्चाधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। गंगवा ने कहा कि जनसेवा ही हमारा संकल्प है।

गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी समागम पर मुख्यमंत्री ने गुरुद्वारा साहिब गोबिंदपुरा में माथा टेका

# गुरु तेग बहादुर ने मानवता, धर्म और सत्य के लिए सर्वस्व अर्पण कर दिया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी समागम के अवसर पर गुरुद्वारा साहिब गोबिंदपुरा, भम्भौली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की तथा गुरु तेग बहादुर को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज इस पवित्र धरा पर आप सबके बीच में आकर मेरा मन श्रद्धा और गौरव से भर गया है। आज हम यहां उस महान विरासत को नमन करने आए हैं, जिसने न केवल भारत की अस्मिता को बचाया, बल्कि मानवता को धर्म और सत्य के लिए सर्वस्व अर्पण करने का मार्ग दिखाया। आज का यह शहीदी समागम गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहीदी शताब्दी तथा माता गुजर कौर और चारों साहिबजादों की महान शहादत को समर्पित है। उन्होंने कहा कि समागम में पंथ के महान कीर्ति जत्थे और विद्वान कथा वाचको द्वारा जो गुरुवाणी का प्रवाह यहां हो रहा है, उससे हमारी साध संगत तो निहाल होगी ही, साथ ही हमारी युवा पीढ़ी भी गुरु साहिबान और वीर साहिबजादों की शहादत से प्रेरित होगी। मुख्यमंत्री ने गुरुद्वारा ट्रस्ट को 31 लाख रुपये देने की घोषणा की। गुरुद्वारा ट्रस्ट द्वारा मुख्यमंत्री को सरोपा, गुरु तेग बहादुर का चित्र व तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया।

- **मुख्यमंत्री ने गुरुद्वारा ट्रस्ट को 31 लाख रुपये देने की घोषणा की**

### मानवता की सेवा ही सबसे बड़ी पूजा

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के इस समागम में बड़े रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। यह गुरु साहिब की उस शिक्षा का ही विस्तार है, जिसमें कहा गया है कि मानवता की सेवा ही सबसे बड़ी पूजा है। उन्होंने रक्तदान के लिए उमड़े युवाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि आपका दिया हुआ रक्त किसी का जीवन बचा सकता है। साथ ही, इस समागम के आयोजन के लिए बाबा जसदीप सिंह व आयोजकों का हार्दिक आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि सरबंसदानी दशम पातशाह गुरु गोबिन्द सिंह के परिवार की शहादत को दुनिया के इतिहास की सबसे बड़ी शहादत माना जाता है। केवल 6 और 9 वर्ष की छोटी सी आयु में शहादत देने वाले उनके वीर बेटों बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी को जब भी याद किया जाता है, तो हर किसी की जुबान से निक्किया जिंदा वड्डा साका शब्द निकलते हैं।उन्होंने कहा कि दुनिया के इतिहास में ऐसी कोई मिसाल नहीं मिलती, जहां मासूम बच्चों ने धर्म की रक्षा के लिए दीवारों में जिंदा चिनवाना स्वीकार कर लिया लेकिन झुकना स्वीकार न किया हो। उनके परिवार के सभी सदस्यों ने धर्म व आम जन की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। यह कुर्बानी इतिहास के पन्नों पर सदैव अंकित रहेगी।

### शहादत सदियों तक नई पीढ़ियों को देशभक्ति की प्रेरणा देती रहेगी

उन्होंने कहा कि यह शहादत हमें सिखाती है कि वीरता उम्र की मोहताज नहीं होती। माता गुजर कौर जी ने जिस तरह जेल की ठंडी बुर्जियों में रहकर भी अपने पोतों को धर्म पर अडिग रहने की शिक्षा दी, वह आज की माताओं और बहनों के लिए भी प्रेरणा का सबसे बड़ा स्रोत है। उन्होंने कहा कि वीर साहिबजादों की शहादत सदियों तक नई पीढ़ियों को देशभक्ति की प्रेरणा देती रहेगी। इसी बात को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री ने उनके शहीदी दिवस को हर वर्ष वीर बाल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। हर साल 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस पूरे देश में श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि सरबंसदानी गुरु गोबिन्द सिंह के परिवार के बलिदान से जुड़ी कहानी को जितनी बार हम पढ़ेंगे, सुनेंगे और जानेंगे उतनी बार ही राष्ट्र हित में बड़ी से बड़ी कुर्बानी देने के लिए प्रेरित होंगे। उन्होंने कहा कि गुरु गोबिन्द सिंह के बच्चों को देश व धर्म के लिए बलिदान देने की दृढ़ भावना विरासत में मिली थी। उनके दादा श्री गुरु तेग बहादुर जी ने भी देश व धर्म के लिए अपना शीश बलिदान कर दिया था। यह वर्ष उनके बलिदान का 350वां वर्ष है। उनका नाम जुबान पर आते ही हमारे सामने एक ऐसे महापुरुष की छवि उभर कर आती है जिन्होंने धर्म को केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं रखा बल्कि उसे अधिकार और आजादी के साथ भी जोड़ा और कुर्बानी दी।

# आत्मनिर्भर भारत के विजन से स्वदेशी को मिली नई दिशा



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि वे अपने स्थानीय कौशल को आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए जॉब सीकर नहीं बल्कि जॉब क्रिएटर बनें। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार युवाओं की उद्यमशीलता को प्रोत्साहन देने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है और मुद्रा योजना, स्टैंड-अप इंडिया एवं एमएसएमई क्षेत्र के लिए विशेष सब्सिडी जैसी योजनाओं के माध्यम से उन्हें सहयोग प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं द्वारा स्वदेशी तकनीक के विकास से न केवल नए उद्यमों को बढ़ावा मिलेगा बल्कि भारत को विश्व गुरु बनाने के लक्ष्य की दिशा में भी सशक्त योगदान सुनिश्चित होगा। मुख्यमंत्री पंचकूला में आयोजित स्वदेशी महोत्सव-2025 का उद्घाटन करने उपरांत उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि वर्तमान स्टार्टअप युग में स्वदेशी की अवधारणा केवल पारंपरिक उत्पादों तक सीमित नहीं है, बल्कि तकनीक, सॉफ्टवेयर, रक्षा उपकरण एवं सेमीकंडक्टर जैसे आधुनिक क्षेत्रों में भी स्वदेशी को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हरियाणा में वर्तमान में 12 लाख से अधिक पंजीकृत एमएसएमई कार्यरत हैं, जो लगभग 65 लाख लोगों को रोजगार उपलब्ध करा रहे हैं।

### उत्पादों को बढ़ावा देकर ब्रांड बनाया जाएगा

*मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार लोकल मैन्युफैक्चरिंग को वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। इसके अंतर्गत 'पद्मा' योजना प्रारंभ की गई है, जिसके तहत हर ब्लॉक के विशिष्ट उत्पाद को पहचान दी जा रही है। अंबाला के वैज्ञानिक उपकरण, पानीपत के हैंडलूम तथा रेवाड़ी की पीतल कला को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ब्रांड इंडिया के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में रोजगार देने वाला युवा वर्ग तैयार करने के उद्देश्य से 'हरियाणा राज्य स्टार्टअप नीति-2022' लागू की गई है।*

मनरेगा का नाम बदलने पर केंद्र को घेरा

# सरकार ने रोजगार गांरटी योजना की आत्मा को खत्म किया : सैलजा



**चंडीगढ़।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद सैलजा ने कहा कि सरकार ने तथाकथित सुधारों के नाम पर मनरेगा जैसी दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार गारंटी योजना की आत्मा को खत्म कर दिया है। यह गरीबों से काम का अधिकार छीनने और महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के विचारों पर सीधा हमला है। वे रविवार को क्षेत्रीय कांग्रेस कार्यालय मुंबई में आयोजित पत्रकार सम्मेलन को संबोधित करते हुए सांसद सैलजा ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि करोड़ों ग्रामीण परिवारों की आर्थिक जीवनरेखा रही है। कोविड-19 महामारी के दौरान भी इस योजना ने ग्रामीण भारत को संबल दिया। लेकिन 2014 के बाद से केंद्र सरकार ने लगातार बजट कटौती, भुगतान में देरी, जॉब कार्ड रद्द करने और आधार-आधारित बाध्यताओं के ज़रिये मनरेगा को व्यवस्थित रूप से कमजोर किया है, जिसके कारण अब मजदूरों को साल में मुश्किल से 50-55 दिन का काम मिल पा रहा है।

### गरीबों से रोजगार का हक छीना : राव नरेंद्र

**नूंह ।** हरियाणा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने मनरेगा को समाप्त कर उसकी जगह लाए गए नए कानून पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे ग्रामीण भारत के खिलाफ सुनियोजित हमला करार दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने एक ही दिन में मनरेगा के बीस वर्षों की उपलब्धियों को मिटा दिया है। राव कहा कि मनरेगा का 'पुनर्गठन' बताना जनता के साथ धोखा है। यह अधिकार-आधारित और मांग पर मिलने वाली रोजगार गारंटी को खत्म कर दिल्ली से नियंत्रित, सीमित और मनमानी योजना में बदल देता है। कानून न केवल राज्यों के अधिकारों पर हमला है, बल्कि गांवों की आत्मनिर्भरता को भी कमजोर करता है। उन्होंने बताया कि मनरेगा ने ग्रामीण मजदूरों को मोलभाव की ताकत दी, जिससे मजदूरी बढ़ी, शोषण कम हुआ और मजबूरी में होने वाला पलायन रुका। ग्रामीण बुनियादी ढांचे के निर्माण के साथ-साथ इस योजना ने करोड़ों परिवारों को सम्मानजनक आजीविका दी।

केंद्रीय गृहमंत्री के पंचकूला दौरे को लेकर तैयारियां तेज

# शाह अटल पार्क में 24 को करेंगे पूर्व पीएम वाजपेयी की प्रतिमा का उद्घाटन



**चंडीगढ़।** केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह 24 को पंचकूला के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ अनेक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित अग्रवाल ने पंचकूला में केंद्रीय गृह मंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रमों की तैयारियों और कार्यक्रम स्थलों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी कार्यक्रमों का भव्य और सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित किया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन तैयारी में जुटा हुआ है।

### पुलिस पासिंग आउट परेड की सलामी लेंगे

केंद्रीय गृहमंत्री एमडीसी सेक्टर-1, पंचकूला स्थित अटल पार्क में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे तथा पंचकमल में उनके जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन भी करेंगे। इसी दिन अमित शाह एक मेगा रक्तदान शिविर का उद्घाटन कर रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करेंगे। इसके साथ ही वे इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में आयोजित मेगा कोऑपरेटिव कॉन्फ्रेंस में भी मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। पंचकूला दौरे के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सेक्टर-5 स्थित इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित 'साहिबजादों को नमन' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इससे पूर्व वे इंद्रधनुष ऑडिटोरियम परिसर में वीर बाल दिवस पर आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। इसके अतिरिक्त अमित शाह सेक्टर-3 स्थित ताऊ देवी लाल खेल स्टेडियम में पुलिस पासिंग आउट परेड की सलामी लेंगे तथा जवानों को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर पंचकूला उपायुक्त सतपाल शर्मा, पुलिस उपायुक्त सृष्टि गुप्ता, सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) वर्षा खांगवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# गुरुग्राम : दुष्कर्म पीड़िता ने दिया बच्चे को जन्म

**गुरुग्राम।** शादीशुदा व्यक्ति द्वारा नाबालिग छात्रा के साथ किए गए दुष्कर्म से गर्भवती हुई छात्रा ने लडके को जन्म दिया है। छात्रा अपने साथ हुए दुष्कर्म के बाद गर्भवती होने से अनजान थी। जब उसे प्रसव पीड़ा हुई तो घरवालों को पता चला। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सेक्टर-10 थाना पुलिस ने छात्रा से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसे अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

**आरोपी गिरफ्तार :** छात्रा अपने साथ हुए दुष्कर्म को लेकर किसी को डर के चलने कुछ बता नहीं पाई। वह सामान्य तौर पर स्कूल जाती रही। उसे गर्भवती होने का कोई अंदेशा नहीं था। जब उसे प्रसव पीड़ा हुई तो चिकित्सीय जांच हुई तो इसका खुलासा हुआ। छात्रा अभी अस्पताल में ही भर्ती है। अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद उसकी काउंसलिंग की जाएगी। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि बाल कल्याण समिति द्वारा छात्रा और उसके परिजनों की काउंसलिंग कराई जाएगी।

# ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन में पुलिस ने 934 ठिकाने खंगाले, 162 गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** अपराध और संगठित आपराधिक नेटवर्क के खिलाफ हरियाणा पुलिस द्वारा चलाया जा रहा 'ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन' 20 दिसंबर 2025 को अपने प्रभाव और व्यापकता के साथ एक बार फिर सामने आया। शनिवार को प्रदेशभर में एकसाथ 934 चिन्हित संवेदनशील ठिकानों पर की गई सुनियोजित कार्रवाई में पुलिस ने 162 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनमें 53 फरार व हिंसक अपराधी तथा 11 अवैध हथियार रखने वाले आरोपी शामिल हैं। इस एकदिवसीय अभियान के दौरान 8 आर्म्स एक्ट के मामलों सहित कुल 67 नई एफआईआर दर्ज की गईं, जिससे अपराधियों के नेटवर्क को गहरी चोट पहुंची। अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने नशे के अवैध कारोबार पर व्यापक कार्रवाई करते हुए 1.2 किलोग्राम गांजा, 301 ग्राम हेरोइन, 47 ग्राम स्मैक, 1 किलोग्राम से अधिक चरस और 44 किलोग्राम से ज्यादा चूरा पोस्त बरामद किया। इसके साथ ही शराब तस्करी पर शिकंजा कसते हुए 126 बोतल विदेशी शराब, 656 बोतल देसी शराब और 23 लीटर अवैध शराब जब्त की गई। जुए व अन्य आपराधिक गतिविधियों से जुड़े धन पर प्रहार करते हुए 87 हजार रुपये नकद बरामद किए गए, जबकि लगभग 2 लाख 95 हजार प्रतिबंधित टेबलेट्स भी पुलिस ने ज़ब्त कीं।

### हथियारों और वाहनों की बड़ी बरामदगी

इस कार्रवाई में आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज 8 मामलों में 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 5 देसी कट्टे, 6 पिस्टल, 1 रिवॉल्वर, 1 राइफल और 10 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। अपराधियों की आवाजाही रोकने के उद्देश्य से पुलिस ने उनके परिवहन साधनों पर भी कार्रवाई करते हुए 2 कार, 4 मोटरसाइकिल, 1 स्कूटी, 1 ट्रैक्टर, लगभग डेढ़ लाख रुपये मूल्य का एक डंपर तथा सोना-चांदी जैसी अन्य कीमती वस्तुएँ बरामद कीं। जमीनी स्तर पर जिलों की सक्रियता ने इस ऑपरेशन को नई ऊँचाई दी। गुरुग्राम पुलिस ने 27 अपराधियों को गिरफ्तार किया, जिनमें 15 फरार अपराधी शामिल हैं, साथ ही 1 किलोग्राम से अधिक गांजा बरामद कर नशे के नेटवर्क को तोड़ा। सिरसा जिले ने सर्वाधिक 68 स्थानों पर छापेमारी कर 9 अपराधियों को पकड़ा। कैथल पुलिस ने 11 फरार बदमाशों को पकड़ा।


**फसल गन्ना 2026-2027 के लिए कीटनाशक, फफूंदनाशक एवं खरपतवार नाशको के टैंडर बारे।**

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में यमुनानगर गन्ना विकास परिषद, यमुनानगर सरस्वती शुगर मिल्ज लि0, यमुनानगर के क्षेत्र में फसल गन्ना 2026-2027 में प्रयोग हेतु चौ0 चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार द्वारा सिफारिश की गई गन्ने पर प्रयोग होने वाली तथा परीक्षण हेतु निम्नलिखित दवाईयों के टैंडर Technical नामों से आमन्त्रित करती है। टैंडर दिनांक 14.01.2026 तक समय शाम 05:00 बजे से पहले किसी भी कार्य दिवस में यमुनानगर गन्ना विकास परिषद के कार्यालय दी यमुना नगर केन ग्रोवर्ज को0 आप्रेटिव सोसायटी लि0 ई0 एस0 आई0 हस्पताल के सामने जगाधरी, जिला यमुनानगर हरियाणा में पहुंच जाने चाहिए, जो रेट निर्धारित करने हेतु दिनांक 15.01.2026 प्रातः 11:00 बजे इस कार्यालय में गन्ना विकास परिषद सदस्यों के सामने खोले जायेंगे।

| S.No. | Name of Insecticides / Pesticides |
|---|---|
| 1. | Chloropyriphos 20% EC 1 Ltr. Packing / Rate per liter |
| 2. | Mancozeb 75% W.P 500gm packing / rate per Kg |
| 3. | Imidacloprid 200% S.L. 250 Ml. & 500 Ml. Packing / rate per liter |
| 4. | Imidacloprid 17.8% S.L. 250 Ml. & 500 Ml. Packing / rate per liter |
| 5. | 2-4 D Sodium Salt 80% W.P 1 Kg Packing / rate per kg |
| 6. | 2-4 D Ethy1 Easter 38% E.C 1 Litter Packing / rate per Liter |
| 7. | Atrazine 50% W.P 500 gm packing / rate per Kg |
| 8. | Chlorantraniliprole 18.5% W/W SC 150 ml and 300ml packing/rate per 150 ml and 300ml |
| 9. | Chlorantraniliprole 0.4% Gr packing 4 Kg /rate per Kg |
| 10. | Carbofuran 3 G. (Emcapsulated) 5 kg packing/ rate per kg |
| 11. | Sulfentrazone 39.6% W/W SC 500 ml & 1 Ltr Packing / rate per litter |
| 12. | Sulfentrazone 28%+ Clomazone 30% W.P 1 Kg Packing / rate per Kg |
| 13. | Holosulfuran Methy1 75% w/g 36 Gms packing/rate per 36 Gms |
| 14. | Phenthoate 50% E.C 1 Liter Packing / rate per liter |
| 15. | Quinalphos 25% E.C 1 Liter Packing / rate per liter |
| 16. | Chlorantraniliprole 9.3% + Lambdacyhalothrin 4.6% Z.C. 200 ml packing / rate per 200 ml |
| 17. | Chlorantraniliprole .83% + Fipronil 1.33 gr. packing 2 Kg / rate per Kg |
| 18. | Chlorantraniliprole .5% + Thiamethoxam 1% packing 5 Kg / rate per Kg |
| 19. | Chlorantraniliprole 48.75 W/W (g/l) SC 50 ml packing / rate 50 ml |
| 20. | Topramezone 33.6% SC g/l (W/v) SC 30 Gms packing /rate 30 Gms |
| 21. | Tabucolazole 18.3% + Azoxystroblin 11% 1 Ltr packing / rate per litter |
| 22. | 2-4 D Amime Salt 44%+ Metibuzin 35% + Parasulfuran 1% WDG 1200 Gms packing / rate 1200 Gms |
| 23. | 2-4 D Amime Salt 58% SL 1 Litter packing / rate per Litter |
| 24. | Acetamprid 25% + Bifenthrin 25% G 1 Kg packing / rate per Kg |
| 25. | Bifenthrin 10% EC 1 Ltr packing / rate per litter |
| 26. | Paraquate Dichloride 24% SL (34.4% W/W) 1 Ltr packing / rate per litter |
| 27. | Profenofos 40% + Cyper Metherin 4% EC 1 Ltr packing / rate per litter |
| 28. | Chloropyriphos 50% EC+Cyper Methrin 5% EC 1 Ltr packing / rate per litter |
| 29. | Suphur 80% W.D.G. 3 Kg packing / rate per Kg |
| 30. | Carbendazim12%+ Mancojeb 63% 500 gms packing / rate per Kg |

टैन्डर केवल कीटनाशक, फफूंदनाशक एवं खरपतवार नाशको बनाने वाली फर्म से लिए जायेंगे तथा 2,00,000/- जमानत की धन राशि यमुनानगर गन्ना विकास परिषद के नाम Payable at Yamuna Nagar चैक या ड्राफ्ट द्वारा जमा करवानी होगी। Package of Practice, University द्वारा recommended तथा अच्छी कम्पनियों को प्राथमिकता दी जायेगी। परन्तु सरकारी फर्मो से जमानत की धन राशि नहीं ली जाएगी। शेष शर्तें परिषद कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है या प्राप्त की जा सकती है।

सचिव, यमुनानगर गन्ना विकास परिषद

कार्यालयः दी यमुनानगर केन ग्रोवर्ज को0 आप्रेटिव सोसायटी लि0, यमुनानगर


विधानसभा के शीतकालीन सत्र का आज अंतिम दिन, भाजपा व विपक्ष दोनों तैयार

सत्तापक्ष हमलावर, कांग्रेस विधायकों के आरोपों को गलत बता मांगेंगे जवाब

# अविश्वास प्रस्ताव में गरमागरमी का मुद्दा उठने की संभावना भुक्कल व मार्शल के बीच धक्कामुक्की का वीडियो वायरल

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा शीतकालीन-सत्र का आज (सोमवार) को अंतिम दिन है, सदन की कार्यवाही शांतिपूर्ण ढंग से चलेगी इसकी कम ही संभावना है। विपक्ष कांग्रेस, इनेलो जहां कई मुद्दों को लेकर हमले की तैयारी में है, वहीं सत्ता पक्ष की ओर से हमले की तैयारी है। सत्र के दूसरे दिन वंदे मातरम पर चर्चा के दौरान शोरगुल, हंगामे व नारेबाजी के साथ वेल में जाने और बाद में मार्शलों द्वारा कांग्रेस विधायकों बाहर धकियाने का मामला तूल पकड़ सकता है।

- **विधानसभा अध्यक्ष ने कांग्रेस के नौ विधायकों को नेम किया**

हालांकि कांग्रेस की वरिष्ठ विधायक गीता भुक्कल द्वारा एक महिला मार्शल को थप्पड़ मारने के लिए हाथ उठाते हुए सदन का वीडियो वायरल हो गया है। शीतकालीन सत्र का सोमवार को तीसरा और अंतिम दिन है। अहम बात यह है किसत्र के दूसरे दिन विस अध्यक्ष ने कांग्रेस के हंगामा, नारेबाजी व वेल में आकर शोरमचाने वाले 9 विधायकों को नेम कर दिया था। बाहर नहीं जाने पर उन्हें जबरन उठाकर मार्शलों ने बाहर धकिया दिया था। गीता भुक्कल भी काफी देर तक महिला मार्शलों से उलझी रहीं और जब एक मार्शल ने ज्यादा प्रयास किया, तो उन्होंने हाथ उठाकर थप्पड़ दिखाया, इसका वीडियो जमकर वायरल हो रहा है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और मंत्री अनिल विज, कृष्ण बेदी, गौरव गौतम, महिपाल ढांडा ने साफ कर दिया है कि नैतिकता की बात करने वाले इन कांग्रेसी नेताओं की हकीकत प्रदेश की जनता ने देख ली है। उक्त पूरा मामला सदन में उठाकर कार्यवाही की मांग की जाएगी।

### कांग्रेस से अनर्गल आरोपों का जवाब मांगेंगे : बेदी

बेदी का कहना है कि इंदू नरवाल, गीता भुक्कल, डा. रघुबीर कादियान सभी द्वारा अनर्गल बातें सदन में कही व आरोप लगाए, उनका भी हिसाब होगा। केवल भुक्कल ही नहीं बल्कि पूर्व सीएम व नेता विपक्ष के करीबी इंदूराज नरवाल द्वारा पूर्व मंत्री विनोद शर्मा पर भ्रष्टाचार के आरोप सदन पटल पर लगाए जाने का मामला एक बार फिर उठ सकता है। इंदू नरवाल को पूर्व मंत्री की धर्म पत्नी कालका शर्मा ने उसी वक्त माफी मांगने के लिए कहा था। शक्तिरानी शर्मा कालका सीट से विधायक हैं। लेकिन शोरगुल और दूसरे विवादों के कारण यह मामला दब गया।

### बेरोजगारी और पेपर लीक मामला भी उठेगा

प्रदेश की विधानसभा में एक बार युवाओं की बेरोजगारी, नौकरियों के लिए वादा करने वालीभाजपा सरकार द्वारा दावे के अनुसार नौकरी नहीं दी। प्रश्न पत्रों के लीक होने का मामला भीइनेलो की ओर से उठाए जाने की तैयारी की जा रही है। सरकारी नौकरियों की भर्ती परीक्षाओं के लीक होने के मामले में भी सोमवार को विधानसभा में विधायक आदित्य देवी लाल ने सरकार से पूछा है कि वर्ष 2014 से 2024-25 तक हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) और हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं के कितने पेपर लीक हुए हैं। कौन से वर्ष में कौन सा पेपर लीक हुआ और लीक तथा न्यायालय द्वारा भर्ती में पाई गई अनियमितताओं के कारण कौन सी परीक्षाएं रद करनी पड़ी, जिसके कारण युवाओं व उनके परिवारों को परेशानी उठानी पड़ी।

### सदन के नेता जवाब देने की तैयारी में

सत्र के तीसरे और अंतिम दिन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इन सवालों का जवाब देने की तैयारी में हैं। वैसे, पेपर लीक मामलों में शामिल पाए गए अधिकारियों और कर्मचारियों तथा अन्य आरोपितों के खिलाफ सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की है। इन अधिकारियों और कर्मचारियों के पद-वार नाम बताए जाएं। यहां पर याद दिला दें कि सत्र के दूसरे दिन रोहतक से कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक भारत भूषण बतरा एडवोकेट ने एक वर्ष में एचपीएससी और एचएसएससी की तरफ से जारी किए गए भर्ती विज्ञापनों, विज्ञापित पदों और श्रेणीवार भरे पदों की जानकारी मांगी थी। मुख्यमंत्री ने इसका जवाब दिया था।



### 2935 पदों को भरने की सिफारिश

एचपीएससी के माध्यम से विभिन्न 64 श्रेणियों में 2935 पदों की भर्ती करने की संस्तुति की हुई है। आठ पदों पर भर्ती प्रक्रिया अभी अटकी हुई है जिनमें 1208 पद हैं। वहीं, एचएसएससी की तरफ से बीते वर्ष ग्रुप-सी के लिए कुल 24 हजार 126 पदों के लिए विज्ञापन की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है।

# तीन तस्कर काबू, लाखों की हेरोइन बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा


सिरसा। हेरोइन के साथ पकड़ा गया आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

पुलिस ने ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन अभियान के तहत अलग-अलग जगहों से तीन युवकों को काबू कर उनके कब्जे से लाखों रुपये की 24 ग्राम 84 मिलीग्राम हेरोइन बरामद की है। सीआईए सिरसा प्रभारी ने बताया कि सीआईए सिरसा की एक पुलिस टीम ने गश्त के दौरान नहर पुल रोड़ी क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस ने सामने से एक कार आती देखी। कार सवार युवकों ने पुलिस टीम को देखकर वहां से वापस मोडक़र भागने की कोशिश की तो पुलिस ने शक के आधार पर उक्त कार चालकों को काबू किया। कार में सवार युवक रवि सिंह व सिकंदर सिंह निवासी गांव रोड़ी को काबू कर नियमानुसार राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी ली तो उनके कब्जा से 18 ग्राम 29 मिलीग्राम ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

## पट्टी अफगान के पास बड़ा हादसा टला

# कैथल में बुजुर्ग साइकिल सवार को बचाने में तालाब की दीवार पर लटकी रोडवेज बस, अटकीं यात्रियों की सांसें


कैथल। पट्टी अफगान में तालाब की दीवार पर अटकी रोडवेज बस।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

कैथल के पट्टी अफगान में रविवार को बाद दोपहर को उस समय बडा हादसा होते होत बाल टल गया जब एक बुजुर्ग साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में रोडवेज बस तालाब की दीवार पर जा चढ़ी। चालक की सूझबूझ से गनीमत रही कि हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ और बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित रहे तथा साइकिल चालक भी बच गया। प्राप्त जानकारी अनुसार घटना रविवार को दोपहर करीब 3:30 बजे कैथल से पटियाला जा रही रोडवेज बस जैसे ही पट्टी अफगान, कैथल के नजदीक पहुंची, तभी सामने से साइकिल सवार एक बुजुर्ग अचानक सड़क पर आ गया। उसे बचाने के चक्कर में तुरंत ब्रेक लगाते हुए बस को मोड़ा। इसी बीच बस का संतुलन बिगड़ गया तथा देखते ही देखते बस सड़क से फिसलते हुए पास बने तालाब की दीवार पर चढ़ गई और वहीं अटक गई। बस का अगला हिस्सा दीवार के ऊपर लटक गया। एक साथ से ब्रेक लगने तथा बस के अनियंत्रित होने से यात्रियों में हड़कंप मच गया तथा यात्रियों चिल्लाना शुरू कर दिया। बस तालाब में गिरने से बच गई, जिस कारण बड़ा हादसा टल गया।

### ड्राइवर की सूझबूझ आई काम

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस चालक ने बुजुर्ग को बचाने के लिए समय रहते ब्रेक लगाए, जिससे उसकी जान बच गई। लोगों का कहना है कि अगर चालक थोड़ी भी लापरवाही करता तो बस सीधे तालाब में गिर सकती थी।

### कोई हताहत नहीं, सभी सुरक्षित

हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस व रोडवेज विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। बाद में क्रेन की मदद से बस को हटाने की प्रक्रिया शुरू की गई। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी को चोट नहीं आई।

## खबर संक्षेप

### होटल में देह व्यापार करवाने वाला पकड़ा

**कैथल।** कैथल के चीका क्षेत्र में एक होटल में बाहर से महिलाओं एवं लड़कियों को बुलाकर अनैतिक कार्य करवाने का मामला सामने आया है। जब पुलिस द्वारा होटल में जांच की गई तो मौके पर 4 महिलाएं तथा एक व्यक्ति पाए थे। इस संबंध में पुलिस ने एक होटल संचालक के खिलाफ चीका थाना में केस दर्ज करते हुए उसे रविवार को काबू कर लिया। चीका थाना एसएचओ अमन ने बताया कि इस संबंध में पुलिस के पास 20 दिसंबर को शाम के समय सूचना मिली थी कि चीका के यश होटल में बाहर से महिलाओं को बुलाकर देह व्यापार करवाया जाता है।

### व्यक्ति बुरी तरह झुलसा रोहतक पीजीआई रेफर

**जींद।** सफीदो के वार्ड तीन में पत्नी ने बेटी संग मिल अपने पति पर कोई ज्वलनशील पदार्थ डाल दिया। जिसमें व्यक्ति बुरी तरह झुलस गया। जिसे पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। शहर थाना सफीदों पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर पत्नी तथा बेटी के खिलाफ जान लेने की कोशिश का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राजस्थान एसीबी की कार्रवाई: जोधपुर में गुरुग्राम का एएसआई 3 लाख लेता पकड़ा

# हरियाणा पुलिस टीम घूस लेते पकड़ी, गाड़ी से मिले 6 लाख

### अभी तक किसी की नहीं हुई गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

राजस्थान में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए सिरसा के एक सब-इंस्पेक्टर (एसआई) से 6 लाख रुपए बरामद किए हैं। राजसमंद में टीम ने पैसों को जब्त कर लिया है। वहीं, जोधपुर में गुरुग्राम के एक असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर (एएसआई ) को 3 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया है। एएसआई चोरी के मामले में आरोपी की मदद करने के नाम पर पैसे की डिमांड कर रहा था।

### एसआई की कार से 6 लाख मिले

एंटी करप्शन ब्यूरो के एसपी महावीर सिंह ने बताया- सिरसा थाने की साइबर टीम राजसमंद से आ रही थी। गाड़ी में सिरसा साइबर क्राइम थाने के एसआई सुरेंद्र सिंह भी बैठे हुए थे। कुचामन सिटी थाना क्षेत्र के त्रिशिंगिया में कार (एचआर 24 जीवी 2222) को रोककर तलाशी ली गई। कार से 6 लाख रुपए बरामद हुए।

राशि के बारे में जब उनसे पूछा गया तो वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। पैसों को संदिग्ध मानते हुए जब्त कर लिया गया है। कार्रवाई की रिपोर्ट मुख्यालय भेजी गई है। फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं की गई है। सिरसा के एसपी दीपक सहारण ने कहा कि यह मामला संज्ञान में है। इस पर मुख्यालय से जो आदेश आएंगे, उसी अनुसार कार्रवाई की जाएगी।


गुरुग्राम। अजमेर एसीबी टीम के साथ में सिरसा के साइबर थाने के पुलिसकर्मी एवं रिश्वत लेने के आरोप में पकड़ा गया एएसआई प्रवीण। फोटो : हरिभूमि

### शिकायत पर जाल बिछाकर कार्रवाई की, पकड़ लिया

राजस्थान एंटी करप्शन ब्यूरो के डायरेक्टर गोविंद गुप्ता ने बताया- एसीबी की जोधपुर ग्रामीण इकाई को एक शिकायत मिली थी। शिकायत में बताया गया था कि गुरुग्राम का एएसआई प्रवीण एक मामले में मदद करने और पुलिस रिमांड में परेशान न करने के बदले 3 लाख रुपए की डिमांड कर रहा है। टीम ने शिकायत मिलने के बाद तुरंत कार्रवाई करते हुए जाल बिछाया। योजना के अनुसार, शिकायतकर्ता को रिश्वत की रकम के साथ भेजा गया और जैसे ही प्रवीण ने 3 लाख रुपए की रिश्वत ली, टीम ने उसे रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया।

### एएसपी बोले- चोरी के मामले में पैसे मांगे

एएसपी पारस सोनी ने बताया कि शिकायतकर्ता का मामा वाहन चोरी से संबंधित मामले में क्राइम ब्रांच की कस्टडी में है। गुरुग्राम क्राइम ब्रांच एक आदमी को जांच के लिए जोधपुर लाई थी। उस आदमी ने शिकायत की कि क्राइम ब्रांच के लोगों ने उसे रिमांड पर परेशान न करने और केस में मदद करने के बदले पैसे मांगे। शिकायत सही पाई गई, जिसके बाद एंटी करप्शन ब्यूरो ने जाल बिछाकर उन्हें पकड़ लिया।

### एसडीओ ने बिजली कनेक्शन के लिए मांगी तीन लाख की रिश्वत

- डेढ लाख लेने के बावजूद नहीं किया काम
- जनसंवाद कार्यक्रम में दी शिकायत मामला दर्ज

**कैथल।** कैथल के गांव तारांवाली में बिजली निगम के एसडीओ द्वारा एक व्यक्ति से तीन लाख रुपए रिश्वत मांगने का सामना मामला सामने आया है। आरोप है कि एसडीओ ने बिजली कनेक्शन और मीटर लगाने के नाम पर यह राशि मांगी। गांव तारांवाली निवासी हरविंदर सिंह ने गुहला थाना में दी शिकायत में बताया कि वह अपने नाम पर बिजली का मीटर लेना चाहता था। इसके लिए उसने विभाग के पास अप्लाई किया था। उसने यह एप्लिकेशन 5 जनवरी 2022 को लिखी थी। उस पर विभाग के अधिकारी ने आगामी कार्रवाई करते हुए कहा था कि उसे बिजली का कनेक्शन जल्द मिल जाएगा, लेकिन उसके लिए एसडीओ तरसेम सिंह ने उससे तीन लाख रुपए की मांग की। साथ ही उसे कहा गया कि अगर वह रुपए नहीं देगा तो बिजली कनेक्शन नहीं मिलेगा। इस पर उसने डेढ़ लाख रुपए दे दिए, लेकिन फिर भी कनेक्शन नहीं दिया। इस बारे में उसने जनसंवाद के दौरान प्रशासन को शिकायत दी और यह केस दर्ज हुआ है। शिकायतकर्ता ने आरोपी अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। डीएसपी गुहला कुलदीप बेनीवाल ने बताया कि इस संबंध में पुलिस के पास शिकायत आई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी एसडीओ के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## रेवाड़ी की फास्ट ट्रैक कोर्ट का फैसला

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल का कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी


25 हजार रुपये जुर्माना, पौने दो साल में ही कोर्ट ने सुना दिया फैसला

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ललित गुप्ता की फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट ने नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म का शिकार बनाने के आरोपी को दोषी करार दिया है। अदालत ने 20 साल के कारावास और 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा नहीं करने पर दोषी को 20 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। मामले में संलिप्त आरोपी अर्जुन निवासी गोहाना जिला सोनीपत को दोषी करार देते हुए 20 साल कैद व 25 हजार रुपये के जुमार्ना की सजा सुनाई है। जुमार्ना अदा न करने की स्थिति में दोषी को 20 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। जिले के एक कस्बे की रहने वाली एक नाबालिग ने गत वर्ष 18 फरवरी को पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया था कि इंस्टाग्राम के माध्यम से उसकी बातचीत किसी अर्जुन नाम के युवक से होती थी। 13 फरवरी 2024 को आरोपी ने उसे फोन कर हिसार बुलाया। वहां से आरोपी उसे अपने ट्रक में बैठाकर उत्तर प्रदेश ले गया। आरोपी ने नाबालिग को चार दिन तक अपने साथ ट्रक में रखा। इस दौरान उसके साथ दुष्कर्म किया। 18 फरवरी को आरोपी उसे रोहतक बस स्टैंड पर छोड़कर फरार हो गया। धारूहेड़ा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज आरोपी को काबू कर लिया था।

# डिजिटल अरेस्ट के नाम पर 81 लाख की ठगी, गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** साइबर थाना बल्लभगढ की टीम ने खाता उपलब्ध करवाने वाले को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सेक्टर-7-ए फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना बल्लभगढ में दी अपनी शिकायत में बताया कि 14 से 18 अक्टूबर तक लगातार उसके पास कथित डिपार्टमेंट ऑफ टेलीकम्युनिकेशन, बैंगलोर और मुंबई के अधिकारी के विडियो व ऑडियो कॉल आये और उसे डिजिटल अरेस्ट करके रखा गया तथा उसे बताया गया की उसका नाम मनी लॉन्ड्रिंग और ह्यूमन ट्रैफिकिंग जैसी गैर कानूनी गतिविधियों में आया है जिस पर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है और उसे केस से निकालने के नाम पर कुल 81,00,000 रूपए ठगो ने खाता में ट्रांसफर करवा लिये। जिस शिकायत पर साइबर थाना बल्लभगढ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि साइबर थाना बल्लभगढ की टीम ने कार्रवाई करते हुए धर्मेन्द्र सोनी निवासी जोधपुर राजस्थान को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी धर्मेन्द्र सोनी ने गोकुल नाम के व्यक्ति से खाता लेकर आगे ठगो को दिया था। आरोपी 12वीं पास व बेरोजगार है। पूर्व में आरोपी गौकुल खाताधारक, अजय, महावीर को गिरफ्तार किया गया है।

## सर्दी ने दिखाने शुरू किए तेवर, कोहरा और ओस फसलों के लिए वरदान

# तापमान गिरने से गेहूं व सरसों की फसल को फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद


फतेहाबाद। धुंध के आगोश में फसलें

दिसंबर के अंत में सर्दी ने असली रूप दिखाना शुरू कर दिया है। इन दिनों यहां का न्यूनतम तापमान 8 डिग्री व अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस के आसपास घूम रहा है। एक तरफ जहां ठिठुरन बढने लगी है वहीं यह मौसम फसलों के लिए वरदान माना जा रहा है। कृषि विशेषज्ञों की मानें तो गेहूं व सरसों की फसल के लिए यह मौसम काफी लाभदायक है। सुबह कोहरा भी छा रहा है और ओस भी पड़ रही है, जो फसलों की बढ़वार के लिए उत्तम बताई जा रही है। अगर तापमान इससे ज्यादा गिरता है तो यह फसलों व सब्जियों के लिए नुकसानदेह साबित होगा। जिले में सर्दी के मौसम में रात की बजाए अब दिन में भी तापमान में कमी दर्ज की जा रही है, जिससे ठिठुरन बढ़ गई है। बाजारों में भी रात के समय ग्राहक कम दिखाई दे रहे हैं। लोग अपना काम जल्द निपटाकर घर जाने के प्रयासों में लगे रहते हैं। फतेहाबाद में दिन का तापमान 21 डिग्री सेल्सियस आंका गया, वहीं रात का तापमान 8 से 9 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग की मानें तो 23 दिसंबर से उत्तर-पश्चिमी ठंडी हवाएं चलने से दिन और रात के तापमान में गिरावट आएगी। इससे पहले 22 दिसंबर को दिन के तापमान में हल्की गिरावट व रात्रि तापमान में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है। नमी बढने से ज्यादातर क्षेत्रों में अलसुबह धुंध छाई रह सकती है, जिससे तापमान और कम होगा। इन दिनों पहाड़ों में हो रही बर्फबारी का असर भी मैदानी इलाकों में दिखने लगा है। साथ ही ठंडी हवाएं चलने से दिन में भी ठंड का एहसास होने लगा है। धूप निकलने पर लोग घरों व प्रतिष्ठानों के बाहर धूप सेंकते नजर आए।

### 23 से चलेगी शीत लहर, बढ़ेगी ठंड

प्रदेश में मौसम आमतौर पर 24 दिसंबर तक परिवर्तनशील रहेगा। इस दौरान एक पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 22 दिसंबर तक प्रदेश के ज्यादातर स्थानों पर बादलवाई रहने तथा उत्तरी हरियाणा में कुछ एक स्थानों पर छिटपुट बूंदाबांदी भी संभावित है। इस दौरान दिन के तापमान में हल्की गिरावट व रात्रि तापमान में हल्की बढ़ोतरी तथा नमी बढने से ज्यादातर क्षेत्रों में पर अलसुबह धुंध भी छाई रह सकती है। 23 दिसंबर से उत्तर व उत्तर पश्चिमी शीत हवाएं चलने से विशेषकर रात्रि तापमान में फिर से गिरावट आएगी। **-डॉ. मदन खीचड़, विभागाध्यक्ष, एचएयू हिसार कृषि मौसम विज्ञान विभाग**

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organization under the Ministry of Education, Govt. of India)

सार्वजनिक सूचना
22 दिसम्बर 2025

विषय : डीआरक्यू 2026 हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र जमा करवाने के लिए अन्तिम तिथि का विस्तार।

विज्ञापन सं. सोबीएसई/भर्ती सैल/14(88)/2025 दिनांक 02.12.2025 की निरंतरता में, एतद द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि सीधी भर्ती कोटा परीक्षा 2026 (डीआरक्यू 2026) के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र जमा करवाने के लिए अन्तिम तिथि नीचे दिये गये कार्यक्रम के अनुरूप बढ़ा दी गई है :-

| कार्यक्रम | पूर्ववर्ती तिथि | विस्तारित तिथि |
| --- | --- | --- |
| आवेदन प्रपत्र ऑनलाइन जमा करवाना | 22 दिसम्बर 2025 (अप. 11:59 बजे तक) | 27 दिसम्बर 2025 (अप. 11:59 बजे तक) |
| परीक्षा शुल्क (क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/नेट बैंकिंग/यूपीआई के माध्यम से) जमा करवाने हेतु अन्तिम तिथि | 22 दिसम्बर 2025 (अप. 11:59 बजे या इससे पूर्व) | 27 दिसम्बर 2025 (अप. 11:59 बजे तक) |

डीआरक्यू 2026 के लिए आवेदन करने में किसी कठिनाई के मामले में, उम्मीदवार 011-24050353, 011-24050354 पर सम्पर्क अथवा drg2026@cbseshiksha.in पर ई-मेल कर सकते हैं।

निदेशक,
पेशेवर परीक्षा इकाई, सीबीएसई

सीबीसी-21107/12/0011/2526

## राशिफल

**मेष** — परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।

**वृष** — कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कर्क** — सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान-सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।

**वृश्चिक** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** — जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान-सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** — नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। शासन-सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।

## शब्द पहेली - 6085



**बाएँ से दाए-**
1. सफल, उत्तीर्ण-4
5. ओस, रजनीजल-4
7. फरार होना, चंपत होना, पलायन करना-5
9. महीना, मास-2
10. साल का बारहवां भाग-2
13. पुचकारना-4
15. विष्णु, चक्रधारी-4
17. निरुत्तर होना-5
18. अपनत्व-5
20. असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23. निकृष्ट, अल्पतर-4
26. अंधकार-2
27. बुरा आदत-2
29. रसायन संबंधी-5
31. ब्राम्हण, सम्राट-4
32. गजानन, गणपति-4

**ऊपर से नीचे**
2. मां, आई, मदर-2
3. बारिश का गिरना-4
4. निर्माता, रचयिता-5
5. लज्जाना -4
6. मुलायम-2
8. उम्मीद-2
9. हार, जयमाल-2
11. हरे रंग का-2
12. वचन, प्रतिज्ञा -2
14. हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16. जनेऊ, उपनयन संस्कार-5
19. विलेन, नायक का विलोम-5
20. बादल-2
21. बुरी आदत-2
22. यम, मृत्यु का देवता-4
23. पानी के बहने की आवाज-2,2
24. वोट, अभिमत-2
28. इस जगह-2
30. कारावास, बंधन-2

### शब्द पहेली -6084 का हल





